परेशानी — पानी के लिए भटकते नजर आ रहे लोग, निगम प्रशासन का दावा.. टैंकरों व समानांतर लाइन से की जा रही पानी की आपूर्ति

# मेन राइजिंग लाइन सुधार कार्य में अभी 7 दिन और लगेंगे

**नवभारत,जबलपुर।** रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की मेन राइजिंग लाइन सुधार कार्य में अभी 7 दिन और लगेंगे उसके बाद पूरी तरह से शहरवासियों को पानी उपलब्ध हो सकेगा। मतलब साफ है कि दशहरा के दौरान भी प्रभावित क्षेत्रों में पानी का संकट बना रहेगा। लिहाजा जल विभाग द्वारा तमाम दावे किए जा रहे हैं कि पानी से प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों और रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की समानांतर लाइन से जल आपूर्ति की जा रही है लेकिन रविवार को अधिकांश इलाकों में लोग पानी के लिए भटकते नजर आए।

जानकारी के अनुसार मेन राइजिंग लाइन फूटने से बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल कॉलेज, गुलौआ, राइट टाउन, रामेश्वरम कॉलोनी, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टेरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर, राजीव नगर, कोगवा, करमेता, शिवनगर, अमखेरा, रवींद्र नगर, सुहागी और खैरी में तो बायपास लाइन से सप्लाई कर दी गई लेकिन कोतवाली, मोतीनाला, , देवताल और सूपाताल में पानी की सप्लाई नहीं हुई है। जहां सप्लाई हो रही है, वहां मुश्किल से 10 से 15 मिनट ही सप्लाई हो रही है, जिससे लोग अपना कामधाम छोड़कर पानी के जुगाड़ में ही भटक रहे हैं। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि हकीकत में लोग पानी के लिए जूझ ही रहे



हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि मेन लाइन में पानी का अधिक प्रेशर पड़ने की वजह से लाइन फूट गई है।

### कांग्रेस पार्षद दल ने निरीक्षण के दौरान दी चेतावनी

इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने मौके पर पहुँचकर चल रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षदों ने जल विभाग के अधिकारियों से सवाल किए और बार-बार पाइपलाइन टूटने के कारणों की जानकारी मांगी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि अमृत-2 योजना के तहत पहले ही एक और वैकल्पिक लाइन जोड़ी जानी थी, लेकिन हमारे शहर के महापौर जो विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उनके कार्यकाल में ही रमन गरा की लाइन लगभग दर्जनों बार टूट चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि एक वर्ष पूर्व ही कांग्रेस पार्षद दल ने इस लाइन की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की थी। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने भी पार्षद दल को अपनी समस्याएँ बताते हुए कहा कि बार-बार पाइप लाइन टूटने से न केवल पानी की भारी बर्बादी हो रही है बल्कि पेयजल संकट गहराता जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद गुड्डू ,अभिषेक पाठक ,सचिन वाजपेई, प्रतीक चौकसे ,दुर्गेश पाठक, सुनील मिश्रा, राजेश यादव, अमित विश्वकर्मा शादाब मंसूरी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

**इनका कहना है**

पानी के अधिक प्रेशर पड़ने की वजह से रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की मेन राइजिंग लाइन फूट गई है जिसका सुधार कार्य चल रहा है। अभी सुधार कार्य पूरा होने में 7 दिन का समय और लगेगा। प्रभावित क्षेत्रों में समानांतर लाइन से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्यपालन यंत्री**

# मंत्री जी हर भाई-बहन अपनी मर्यादा जानता है : अनुमा

**जबलपुर प्रवास पर आईं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भाजपा पर साधा निशाना**



**नवभारत,जबलपुर।** बीजेपी नेताओं की अमर्यादित टिप्पणियों बार-बार सामने आती हैं, लेकिन जब बहन-बेटियों पर अत्याचार होता है, तब वे चुप्पी साध लेते हैं। मध्यप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आँकड़े भयावह हैं। बलात्कार, छेड़छाड़ और उत्पीड़न की खबरें रोज़ अखबारों की सुर्खियाँ बनती हैं। भोपाल से लेकर छोटे कस्बों तक, बहन-बेटियाँ असुरक्षित हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराधों में शीर्ष पर है और नवरात्रि में बीजेपी के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बहन-भाई के रिश्ते को अपमानित कर रहे हैं, यह उनकी महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। हर भाई-बहन अपनी मर्यादा जानता है। मंत्री को महिलाओं को संस्कार सिखाने की जरूरत नहीं है। महिला कांग्रेस प्रदेश की हर बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। बहन-भाई का पवित्र रिश्ता हमारी संस्कृति की रक्षा करेगा और हम इसे कलंकित करने वालों को बख्शेंगे नहीं। ये सारी बातें कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

**मंत्री विजयवर्गीय तत्काल मांगे सार्वजनिक रूप से माफी**

प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने ये भी कहा कि कैलाश विजयवर्गीय तत्काल माँ दुर्गा के सामने झुककर सार्वजनिक माफी माँगें और बहन-भाई के पवित्र रिश्ते का सम्मान करें। यदि माफी नहीं माँगी जाती, तो मुख्यमंत्री उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त करें। बीजेपी नेताओं द्वारा महिलाओं का अपमान बंद हो, अन्यथा महिला कांग्रेस नवरात्रि की शक्ति से प्रेरित होकर सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस ग्रामीणी अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# कुत्ते के शिकार ने बढ़ाई दहशत

**तेंदुआ को लेकर भयभीत कर्मचारी-नागरिक**

**खमरिया इलाके में देखी जा रही है तेंदुआ की सक्रियता**

**नवभारत,जबलपुर।** पाटबाबा मंदिर के पास दिखाई दिए तीन तेंदुओं के बाद अब आर्डिनेंस फैक्टरी खमरिया के पास तेंदुआ ने एक कुत्ते का शिकार कर दिया है। सुबह फैक्टरी की दीवार के तारों में कुत्ते का शव कर्मचारियों ने देखा तो वन विभाग को सूचना दी।

गौरतलब है कि दो दिन पहले एक तेंदुआ को खमरिया स्थित ईईएस उमा शाला के पास विचरण करते देखा गया था जिसके बाद स्कूल शिक्षकों ने वन विभाग की टीम से मांग की थी कि गश्त उनके क्षेत्र में बराबर की जाए। लेकिन कुत्ते के शिकार की घटना सामने आई तो फैक्टरी के कर्मचारियों व




स्कूल के शिक्षकों में दहशत व्याप्त हो गई। उधर वन विभाग के जिम्मेदार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और निगरानी रखने की बात कह रहे हैं।

**इनका कहना है**

आर्डिनेंस फैक्टरी खमरिया के गेट नंबर 3 की दीवार के पास एक कुत्ते का क्षत-विक्षत हालत में शव मिला है। तेंदुआ शिकार करके कुत्ते के शव को ले जा रहा होगा , इसी दौरान फैक्टरी की दीवार के तारों में कुत्ते का शव फंस गया। क्षेत्र में वन विभाग की टीम द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

**अपूर्व शर्मा**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

## बरगी बांध के तीन गेट खुले

जबलपुर। बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए रविवार शाम को बांध क तीन गेट खोल दिए गए। गेट करीब 0.50 मीटर की औसत ऊँचाई तक खोले गए है जिनके जरिए 237 क्युमेक जल की निकासी की जा रही है। इससे माँ नर्मदा के घाटों पर 1 से 2 फुट पानी की बढ़ोतरी होगी। जानकारी के मुताबिक लगातार हो रही बारिश के चलते बरगी बांध का जलस्तर 422.70 मीटर आंका गया। वर्तमान मे बांध की जल उपयोगी क्षमता 99.72 प्रतिशत है। वर्तमान में बांध में पानी की आवक 403 क्यूमेक है। जल भराव क्षेत्र में वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए रविवार की शाम 6 बजे बांध के 3 जल द्वार 0.50 मीटर की औसत ऊँचाई तक खोल कर 237 क्युमेक जल की निकासी की जा रही है। इससे माँ नर्मदा के घाटों पर 1 से 2 फुट पानी की बढ़ोतरी होगी। बांध में पानी की आवक के अनुसार जल की निकासी को कभी भी घटाया व बढ़ाया जा सकेगा।

## युवक ने की आत्महत्या, चौकी प्रभारी पर प्रताड़ना का आरोप

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रेवा कॉलोनी जोगनी माता मंदिर के पास रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने रामपुर चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए है उनका कहना है कि चौकी प्रभारी की प्रताड़ना से तंग आकर उनके बेटे ने आत्महत्या ली है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि श्रीमति शंकुतला सिंह 42 वर्ष निवासी रेवा कॉलोनी जोगनी माता मंदिर के पास ने सूचना दी कि रविवार सुबह उसका बड़ा बेटा अमन उर्फ अंकित सिंह 24 वर्ष कमरे के दरवाजा बंद करके सो रहा था उसने आकर दरवाजा खटखटाया जब बेटे ने दरवाजा नहीं खोला तो घर के बगल पड़ोसी एवं अपने बेटे अनुज को फोन करके बताया बेटा अनुज घर आकर खिड़की खोलकर देखा कमरे में बड़ा बेटा अमन उर्फ अंकित फांसी लगाकर लटका था। परिजनों का आरोप है कि गोरखपुर पुलिस ने 26 सितम्बर को शिलाकुंज पहाड़ी में घेराबंदी करर प्रशांत सिंह उर्फनिक्की ठाकुर पिता संतोष सिंह ठाकुर 18 वर्ष निवासी रामपुर छापर गोरखपुर को पकड़ था जिके कब्जे से दो बम, एक चाकू जब्त किया गए गए थे। इसके बाद से आरोपी के भाई अमन को चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था ।जबकि यह पूरा प्रकरण झूठा बनाया गया है ।बेटे को भी फंसाने की धमकी दी जा रही थी। जिसके चलते अमन ने आत्मघाती कदम उठाया है। वहीं गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार का कहना है किआरोपी निक्की अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध हत्या के प्रयास, अवैध वसूली, घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के 9 अपराध दर्ज है ।जिसे चाकू, बम के साथ पकड़ा गया था। उसके भाई ने आत्महत्या की है। परिजनों के आरोप झूठे है। आत्महत्या किन कारणों से कीगई है इसकी जांच चल रही है।

## प्रतिमा दर्शन कर रही महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत सुनरहाई में दुर्गा प्रतिमा दर्शन कर रही महिला का सोने का मंगलसूत्र चोर हो गया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें एक महिला मंगलसूत्र चुराते दिख रही है ।पुलिस ने बताया कि श्रीमति रश्मि चौरसिया 40 वर्ष निवासी संगम कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार रात वह अपने परिवार वालों के साथ घूमते हुये सुनरहाई वाली प्रतिमा के दर्शन करने पहुंची वह प्रतिमा के पास से सिंदूर लेकर एवं दर्शन करके वापस कुछ दूर आ गयी तभी उसकी बेटी राधिका ने उससे पूछा कि आपका मंगलसूत्र कहां है, उसने देखा उसका मंगलसूत्र नहीं था वह पंडाल के पास गई एवं सीसीटीव्ही चैक करवाया देखा कि दुर्गा जी की प्रतिमा के पास जब वह सिंदूर ले रही थी उसी समय पीछे से एक महिला उसके मंगलसूत्र का पेंच खोलकर निकालते हुये दिख रही है उसने एवं परिवार जनों ने उक्त महिला की तलाश की लेकिन महिला नहीं मिली। उसका सोने का मंगलसूत्र वजनी लगभग 5-6 ग्राम का है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपिया की पतासाजी में जुट गई है।

## नियमों की अनदेखी पर परिवहन विभाग का शिकंजा

**▶ 24 बसों से वसूला 15,600 का जुर्माना**

**नवभारत, जबलपुर।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्ती लगातार जारी है। यह कार्यवाही सड़क सुरक्षा को अधिक सुदृढ़ बनाने और मोटरयान अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने के लिये की जारी है। यह अभियान सोमवार से 2 सप्ताह तक चलने वाला है। आरटीओ जितेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमों की अनदेखी करने वाली बसों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 24 चालान काटे गए और ?15,600 का राजस्व वसूला गया।

**इन उल्लंघनों पर हुई कार्रवाई**

आरटीओ जितेंद्र रघुवंशी से मिली जानकारी के अनुसार यात्री ओवरलोडिंग के 4 मामले, जिसमें



5,600 रुपए का जुर्माना, बिना प्राथमिक उपचार बॉक्स के 4 बसों पर चालान कर 2,000 रुपए, बिना प्राथमिक अग्निशमन यंत्र के 5 बसें पकड़ी गईं, जिनसे 2,500 रुपए, वीएलटीडी/पैनिक बटन नहीं होने पर 3 बसों पर कार्रवाई कर 1,500 रुपए एचएसआरपी नंबर प्लेट के बिना चल रही 3 बसों से 1,500 रुपए और ड्राइवर यूनिफॉर्म नहीं पहनने पर 5 चालान कर 2,500 रुपए का दंड लगाया गया।





| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
| --- | --- | --- |
| SPLENDOR+ | ~~₹79 826~~ ₹73 589# | ₹6 237 |
| Destini 125 | ~~₹83 868~~ ₹77 315# | ₹6 553 |

+ विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक + इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs FESTIVE TREATS + प्रतिदिन EMI ₹69$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹1 999$ से शुरू

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ* | Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and Destini 125 in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलरः** **जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोशिएट डीलरः** **पथरिया:** एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, **सेमरिया:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्योहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़हार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांडुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** रूसिया मोटर्स 9425822392, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **पृथ्वीपुर:** महावीर एजेंसीज 7000375943, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी:** श्याम एजेंसी 9981238133, **बरही:** अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **अनूपपुर:** बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन:** रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **रामनगर:** विजय ऑटोमोबाइल्स 9893252517, **धनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, **अमानगंज:** असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, **सरई:** यश मोटर्स, 9981718853, **सालीचौका:** अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, **उंचेहरा:** अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, **गढ़:** अंबे मोटर्स, 9752666969, **गुन्नौर:** मधुबन मोटर्स, 8959050501, **मड़वास:** ओम मोटर्स, 9009066959, **मझौली:** न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, **बीरसिंहपुर पाली:** श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, **रीठी:** प्रदीप मोटर्स, 9981303666, **बड़वारा:** शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57